सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 76 | इंदौर, शनिवार 28 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

पवित्र पुण्य स्मरण

श्राद्ध तिथि दिवस-एकादशी



पू पितामह घनश्याम उपाध्याय



पू पिताजी रमेशचंद्र उपाध्याय

भावपुष्प समर्पयामि

उपाध्याय परिवार

"शब्दपुष्प"

हरिवंश राय बच्चन

## तुम तूफान समझ पाओगे?

गीले बादल, पीले रजकण,
सूखे पत्ते, रूखे तृण घन
लेकर चलता करता 'हरहर'
इसका गान समझ पाओगे?
तुम तूफान समझ पाओगे?


गंध-भरा यह मंद पवन था,
लहराता इससे मधुवन था,
सहसा इसका टूट गया जो
स्वप्न महान, समझ पाओगे?
तुम तूफान समझ पाओगे?

तोड़-मरोड़ विटप-लतिकाएं,
नोच-खसोट कुसुम-कलिकाएं,
जाता है अज्ञात दिशा को!
हटो विहंगम, उड़ जाओगे!
तुम तूफान समझ पाओगे?

(साभार- कविता कोश)

।। वचनामृतं।।

पू.मोरारी बापू



# घर में शांति लाने के लिए प्रतिदिन क्या करना चाहिए ?...

## जगद्गुरु शंकराचार्य साधन पंचक में लिखते हैं...



1.... वेद का नित्य अध्ययन करना चाहिए... हम सब ये नहीं कर पाएंगे ...यहां मैंने मतलब साफ किया है कि जो व्यक्ति जिस परंपरा से जुड़ा हो मुबारक ...इस परंपरा का जो इष्ट ग्रंथ है उसको वेद समझिए... भगवद गीता का पाठ करो ..एक दो श्लोक पढ़ो ...स्मरण करो... अपने अपने जो सद्ग्रंथ है ...मेरे लिए वेद है रामचरितमानस और भगवद गीता...मैं अंडरलाइन करूं...ये ग्रंथ सद्ग्रंथ होना चाहिए... कल्पित ग्रंथ नहीं... पाखंड से निर्मित किए गए ग्रंथ नहीं... सनातन ग्रंथ.....

2... रोज़ एकांत वास करें... 5-10 मिनट... धीरे-धीरे मौज आए तो उस एकांत की घड़ियों को बढ़ाएं...एकांत को गुफा बनाओ...

3... आपके पास अपने सद्गुरु की पादुका हो तो प्रतिदिन पादुका का पूजन... पूजन माने अबीर गुलाल पानी डालो ये नहीं...पादुका का पूजन है एक भरोसा कि मेरे घर में मेरा कोई रक्षक बैठा है...वो मेरी रक्षा करेगा...

पादुका अपने पास ना हो गुरु की तो पादुका का स्मरण...ये पादुका पूजन हो जाए....

4...जहां तक संभव हो वाद विवाद का परित्याग करो... सच्चे हो तो भी वाद विवाद ना करो... शंकराचार्य भगवान तो अपने एक सूत्र में कहते हैं कि कोई आपका लाख बुरा करे... दुख आए... कोई आपका अपमान करे... तो उसका प्रतिकार ना करो...अप्रतिकार पूर्वक सहन करो... कोई भी घटना तुम पर हावी हो जाए प्रतिकार न करो....हम प्रतिकार करते हैं कि क्यों हुआ ?..हम बदला लेंगे...हम छोड़ेंगे नहीं... वाद विवाद ना करें... उसमें समय...शक्ति और ऊर्जा बहुत खर्च होगी.... परिवार में भी विवाद ना करें... संवाद जरूर करें....

5... जब अवसर मिले साधु संग करिए...वो मौका मत गंवाना... साधु का संग करें तब भी जहां तक हो हम चुप रहें तो साधु से बहुत लाभ होगा....

अपने साधु पुरुष के स्वभाव का स्मरण भी साधु संग है ...उसने जो मेहरबानी की है उससे जो आंखें डबडबा जाएं तो ये साधु संग है...

...युवान भाई बहनों... घर में... मन में ...अगल-बगल के वातावरण में... उत्तम शांति स्थापित करनी है तो ये 5 वस्तु का स्मरण करना ... हो सके तो थोड़ा करना ....मैं लाख बीमारी की दवा बताऊं लेकिन दवा तो आपको खानी पड़ेगी....

(राम कथा - मानस कंदरा से साभार सहित संपादन@ पुष्पेंद्रपुष्प)



# रोटरी की सूफी शाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रोटरी क्लब ऑफ इन्दौर मॉर्शल्स् द्वारा जाल सभा गृह, इन्दौर में सुफी संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित रोटरी सदस्यों को क्लब के आतिथ्य में 17 नवम्बर 2024 को आयोजित की जाने वाली रोटरी फाउंडेशन की आगामी अंतरनगरीय सभा का आगाज़ किया ।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अनीश मलिक एवं गजेन्द्र सिंह नारंग, नितिन डफरिया, संस्कार कोठारी, सुशील मल्होत्रा, संजीव गुप्ता एवं समस्त इन्दौर के रोटरी अध्यक्ष एवं सचिव एवं सदस्य तथा रोटरी मार्शल्स् टीम भी उपस्थित थी ।

साथ ही जे.ए.सी. के मण्डल चेयरमेन अवनीश जैन भी उपस्थित थे । भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष संजय सूर्यवंशी सदस्यों के साथ एवं जैन सोशल ग्रुप इन्दौर 'नवकार' का संचालक मण्डल भी उपस्थित था । कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थिति थे।

गायक श्री कपिल पुरोहित, सहयोगी सिमरन कौल, संजना बारोट गायिकाओं एवं संगीतकार दल के ध्वनि एवं संगीत के अद्भुत संयोजन द्वारा सूफी संगीत पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों 'रमता जोगी', 'छाप तिलक सब छीनी...', 'काली-काली जुल्फों के फंदे ना डालो', 'पिया रे-पिया रे', 'नैना ठग लेंगे' सहित लगभग 20 से अधिक प्रस्तुतियों से श्रोताओं को सम्मोहित कर दिया गया।

क्लब अध्यक्ष अजय जैन एवं सचिव सुनील ओझा द्वारा अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किये । कार्यक्रम संयोजक विवेक-सुधा गौड़, अभय-सुप्रिया गीद, रुपेश-मीना पटेल, रुपेश-रुपाली राठौर, विक्रम-रेखा यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सिंगी द्वारा किया गया।

# केन्द्रीय मंत्री एवं महापौर ने किया डॉ. नेहा शर्मा चौधरी का सम्मान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर की ख्यातिलब्ध शिक्षाविद एवं कैरियर मार्गदर्शक डॉ. नेहा शर्मा चौधरी का सम्मान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री (भारत सरकार) श्रीमती सावित्री ठाकुर ने किया। यह सम्मान एसजीएसआईटीएस में आयोजित एक कार्यक्रम में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा किया गया। इंटरनेशनल कॉलेज में प्राचार्या डॉ. चौधरी इंदौर कुशल शिक्षक, प्रख्यात शिक्षाविद एवं कैरियर काउंसिलर हैं, जिनके द्वारा युवाओं के लिए उच्च शिक्षा हेतु 2 हज़ार से अधिक करियर मार्गदर्शन कार्यशालाओं एवं सत्रों का आयोजन किया गया है। पूर्व में भी डॉ. शर्मा को अभिनव प्रयोगों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया है। इसमें पद्मश्री कंगना रनौत एवं माधुरी दीक्षित प्रमुख हैं। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षांशु तिवारी एवं समूह निदेशक डॉ. पुनीत द्विवेदी सहित अनाया चौधरी, अर्णव चौधरी, मनोहरलाल शर्मा, डॉ. अर्पिता पटेल, कुनाल त्रिवेदी, कृति त्रिवेदी एवं आन्या त्रिवेदी ने डॉ. नेहा की इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की। परिवार जनों एवं मित्रों ने भी इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है।

### यातायात नियंत्रण एवं सुधार संबंधी व्यवस्थाओं हेतु एसडीएम बीट क्षेत्र का निरीक्षण करें

# कलेक्टर आशीष सिंह ने ट्रॉफिक सुधार हेतु बीट प्रभारियों की बैठक ली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में इंदौर शहर के ट्रॉफिक सुधार एवं नियंत्रण हेतु निर्धारित की गई बीट प्रभारियों की बैठक आज आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने समस्त बीट प्रभारियों को यातायात नियंत्रण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, डीसीपी अरविंद तिवारी सहित यातायात नियंत्रण हेतु बनाये गये झोन प्रभारी संबंधित एसडीएम सहित राजस्व, नगर निगम एवं पुलिस विभाग के अधिकारी एवं बीट प्रभारी उपस्थित थे।**

बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि समस्त एसडीएम एवं एसीपी अपने-अपने झोन अंतर्गत निर्धारित बीट क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए यातायात नियंत्रण एवं सुधार संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा बीट प्रभारियों की बैठक आयोजित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बीट प्रभारी एवं दल में शामिल कर्मचारी सौंपे गये दायित्व अनुसार संबंधित क्षेत्र के दुकानदारों को ट्रॉफिक सुधार के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए उनका सहयोग लें। उन्होंने निर्देश दिये कि छोटे-छोटे प्रयासों जिसमें दुकानों के बाहर फुटपाथ पर दुकानों का सामान, बोर्ड, बेतरतीब वाहनों को हटाने की कार्रवाई की जाये। इसके लिये आवश्यक समझाइश दी जाये। फुटपाथ पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग न हो, इसके लिये आवश्यक समझाईश भी दें। दुकानों पर वाहन लेकर आने वाले ग्राहकों को व्यवस्थित पार्किंग के लिये प्रोत्साहित करें। यातायात को बेहतर करने के लिये दुकानदारों से लगातार संवाद करते हुए उनके सुझाव लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि समझाइश के बावजूद भी यातायात प्रभावित करने वालों पर कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि बीट की टीम प्रतिदिन अलग-अलग समय पर निर्धारित क्षेत्र का निरीक्षण करें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि ऐसे निजी अस्पताल जिनके द्वारा पार्किंग परमिशन के साथ बेसमेंट बनाये गये है लेकिन वहां वाहनों की पार्किंग नहीं की जाकर अन्य गतिविधि संचालित हो रही है। ऐसे सभी संस्थानों के बेसमेंट में पार्किंग सुनिश्चित कराई जाये। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिंह के मार्गदर्शन में शहर में यातायात नियंत्रण एवं सुधार के लिये 81 बीट निर्धारित की गई है। राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गये है।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव का सबसे बड़ा आयोजन पधारो म्हारे देश 29 को

### प्रख्यात कलाकार रैपरिया बालम पहली बार आयेंगे इंदौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर महानगर अग्रवाल वैश्य संगठन द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत 29 सितंबर , रविवार को शाम ठीक 6.30, बजे से स्थानीय बास्केटबाल काम्प्लेक्स में पधारो म्हारे देश रंगारंग कार्यक्रम होगा। जिसमें सांस्कृतिक देशभक्ति से परिपूर्ण राजस्थानी गीत संगीत की पेशकश होगी। संस्था के संस्थापक अमिताभ-स्वाति सिंघल, दिलीप- कविता गर्ग, समन्वयक बिंदु विनोद अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव का प्रमुख एवं सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम 29 सितंबर को बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में होगा। जिसको लेकर युवाओं में खास उत्साह है। कार्यक्रम को खास बनाने के लिए शूरवीर गीत सीरीज से देश में ख्यात हुए कलाकार रैपरिया बालम समूह के कलाकार जयपुर-जोधपुर और उदयपुर से इंदौर आकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि महारथियों के वीर रस से भरपूर गीतो के साथ ही राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत देशभक्ति और मनोरंजक गीत संगीत की प्रस्तुतियां दर्शकों का मन मोह लेंगी। रैपरिया बालम के कलाकार इंडिया गॉट टैलेंट से अपनी पहचान बना चुके हैं और पहली बार अहिल्या नगरी इंदौर में आ रहे हैं। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में विनोद अग्रवाल( अग्रवाल ग्रुप), अविनाश अग्रवाल (ओस्टर ग्रुप), पवन सिंघानिया (मोयरा), महेश मित्तल, प्रेमचंद गोयल, प्रवेशअग्रवाल (सौम्या), महेंद्र पीडी अग्रवाल, विष्णु बिंदल, दिनेश मित्तल, मो शमीम मास्टर ट्रेनर उच्च न्यायालय आदि शिरकत करेंगे।

# मालवा-निमाड़ में सौ करोड़ यूनिट ज्यादा बिजली वितरित

### जारी वित्तीय वर्ष में अब तक 1396 करोड़ यूनिट आपूर्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मालवा निमाड़ में गुणवत्ता के साथ बिजली आपूर्ति की जा रही है। राज्य शासन के अनुसार कृषि क्षेत्र के लिए दस घंटे दैनिक एवं अन्य सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए चौबीस घंटे आपूर्ति व्यवस्था लागू हैं। एक अप्रैल से जारी वित्तीय वर्ष में अब तक कंपनी क्षेत्र में सौ करोड़ यूनिट बिजली पिछले वर्ष समान अवधि की तुलना में ज्यादा वितरित हुई हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि जारी वित्तीय वर्ष के करीब छः माह बीतने को हैं। इस दौरान कंपनी क्षेत्र में 1396 करोड़ यूनिट बिजली का वितरण हुआ है, यह गत वर्ष समान अवधि की तुलना में करीब सौ करोड़ यूनिट ज्यादा है। वर्ष 2023 एवं 2024 की समान अवधि में 7.60 प्रतिशत ज्यादा आपूर्ति हुई हैं। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि उक्त अवधि में सबसे ज्यादा आपूर्ति वाले जिलों में इंदौर जिला 11.90, आगर 11.76, उज्जैन जिला 9 प्रतिशत, देवास जिला 8.85 प्रतिशत वृद्धि वाले है। शेष अधिकांश जिलों में 1 से 5 प्रतिशत ज्यादा बिजली आपूर्ति हुई हैं। प्रबंध निदेशक ने बताया कि आपूर्ति संबंधी दैनिक समीक्षा की जाती है। कंपनी स्तर, रीजन स्तर, जिला/सर्कल स्तर पर नियमित रूप से आपूर्ति संबंधी फीडबैक भी लिया जाता है, जहां भी कोई तकनीकी कठिनाई या मौसमी कारण से कोई बाधा आती है, वहां विद्युत वितरण कंपनी की टीम समय पर पहुंचकर निराकरण करती हैं।

### हंसदास मठ में तर्पण महोत्सव

# अपने कर्मों की बैलेंस शीट इस तरह बनाएं कि न तो पूर्वजों से प्रायश्चित करना पड़े, न खुद पर बोझ पड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पाप और पुण्य की परिभाषा सबकी दृष्टि में भिन्न हो सकती है, लेकिन इसका फैसला तो परमात्मा की खाता-बही से ही संभव है। इसलिए जीवन में अपने कर्मों की बैलेंस शीट इस तरह बनाएं कि न तो पूर्वजों से प्रायश्चित की नौबत आए और न ही खुद अपनी आत्मा पर कोई बोझ पड़े। कर्म किए बिना संसार का कोई भी जीव सदगति या दुर्गति प्राप्त नहीं कर सकता। कर्म ही पुरुषार्थ का प्रतीक है। जीवन की अंतिम सांस तक हमें कर्म करना पड़ता है। याद रखें कि पाप और पुण्य हस्तांतरणीय नहीं है। पूर्वजों के शुभाशीष हमारे शुभ संकल्पों में दृढ़ता लाते हैं। ये प्रेरक विचार हैं आचार्य पं. पवन तिवारी के जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे तर्पण अनुष्ठान में व्यक्त किए। हंसदास मठ के महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में सुबह तर्पण अनुष्ठान में 500 से अधिक साधकों ने भाग लिया। भगवान हरि विष्णु का पूजन अध्यक्ष हरि अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, महासचिव डॉ. चेतन सेठिया, राजेन्द्र गर्ग, सूरजसिंह राठौर, शंकरलाल वर्मा, हरिनारायण विजयवर्गीय, महेन्द्र विजयवर्गीय, अनिल सांगोले आदि ने किया। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक होगी।

# उत्सव में दिखा छत्रपति शिवाजी का युद्ध कौशल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** एडवांस्ड एकेडमी, इंदौर में विरासत वॉयेज 2024 के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत का अविस्मरणीय उत्सव देखने को मिला। इस कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा 2 तक के छोटे-छोटे बच्चों ने भारत के महान नायक, शिवाजी महाराज के पराक्रम, नेतृत्व और दूरदर्शिता को दर्शाया। शुरूआत में चीफ गेस्ट डॉ. प्रियंका मोक्षमर, जो वायु एयरकॉन कंपनी की चेयरमैन हैं, की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वायु एयरकॉन पर्यावरण अनुकूल कूलिंग समाधानों में विशेषज्ञता रखती है। एडवांस्ड एकेडमी की डायरेक्टर श्रीमती टिम्पी राय ने शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेते हुए आज की पीढ़ी में नेतृत्व, साहस और ईमानदारी जैसे गुणों को पोषित करने के महत्व पर जोर दिया। चेयरपर्सन अनिल राय, डायरेक्टर श्रीमती टिम्पी राय और प्रिंसिपल श्रीमती उषा तोमर ने शिक्षकों के इस अद्भुत आयोजन के लिए उनकी सराहना की, जो विरासत और वीरता के उत्सव को सुदृढ़ करता है।

# पर्यावरण प्रदुषण जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** लंग केयर फाउंडेशन, डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर एंड केयर, टीबी एवं छाती रोग विभाग एवं ज्ञानपुष्प रिसर्च एवं चेरिटेबल फाउंडेशन समिति के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा यशवंत राव होलकर अस्पताल ओ पी डी में विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर एक जागरूकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन कार्यकारी डीन डॉ अशोक पंचोनिया ने किया। इस जागरूकता प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को पर्यावरण प्रदुषण के प्रति जागरूक करना था, इस प्रदर्शनी में विभिन्न पोस्टर्स के माध्यम में पर्यावरण प्रदुषण से होने वाली बीमारियों के विषय में जागरूक किया गया। प्रदर्शनी में बताया गया की छाती की विभीन्न गंभीर बीमारियों के 60% मरीजों की मृत्यु पर्यावरण प्रदुषण की वजह से होती है। लंग कैंसर के 32% मरीजों की मृत्यु के लिए पर्यावरण प्रदुषण जिम्मेदार है, करीब 21% बच्चों की माँ के गर्भ में मृत्यु पर्यावरण प्रदुषण की वजह से होती है 25% हृदय मरीजों की मृत्यु पर्यावरण प्रदुषण से होती है । करीब 32% स्ट्रोक के मामले पर्यावरण प्रदुषण की वजह से होते है और इसी तरह की मुख्य जानकारी उपस्थित जन समुदाय को प्रदान की गयी ।

# इंट्रैक्चुअल प्रापर्टी राइट्स पर कार्यशाला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान में इंट्रैक्चुअल प्रापर्टी राइट्स पर कार्यशाला का आयोजन संस्थान के गणित विभाग द्वारा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया गया जिसकी संयोजक डॉ. सरला चौहान थी. कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रोफेसर विजय रोडे डीन पी.पी.वंशोड, प्रोफेसर स्मिता बर्मा एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. रचना नवलखे की उपस्थिति मे हुआ । मुख्य अतिथि आर. आर. केट इंदौर के प्रो. सी. पी. पाल ने आई.पी.आर. के विभिन्न पहलुओ पर प्रकाश डाला। दूसरे व्याख्यान मे डी.ए.वी.वी. की प्रो. निशा सिद्दक़ी ने कॉपीराइट के विभिन्न विंदुओ पर चर्चा की एवम तीसरे वक्ता प्रो. सुरेश पासवान ने पेटेंट क्या है किन किन क्षेत्रों में किया जाना चाहिए इत्यादी के संबंध मे जानकारी दी गई कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक, छात्र ब अन्य कॉलेजों से आमंत्रित शिक्षक ब छात्र भी उपस्थित रहे।

# जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित हुआ एक दिवसीय रोजगार मेला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बुधवार को जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न 13 कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया। रोजगार मेले में 381 युवाओं ने भाग लिया और 249 आवेदक/आवेदिका का विभिन्न पदों हेतु प्राम्भिक रूप से चयन किया गया । मण्डलोई ने बताया कि चयनित युवक युवतियों का प्रारंभिक रूप सेल्स एग्जीक्यूटिव, पेकेजिंक, काउंसलर, मार्केटिंग, लेखा सहायक, सुरक्षागार्ड, टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, हेल्पर आदि पदों के लिए चयन किया गया है। इसमें चार्टेड बस सर्विस, एसजीएस मेन पॉवर, बी एस एस माइक्रो फाइनेंस, शेफाली बिजनेस सलूशन, एस बी आई लाइफ, सेमली फूड एंड बेवरेज, श्याम ऑटोमोटिव (टाटा), इनोफ्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड, आर के इंडस्ट्री, डॉ रेड्डी फाउंडेशन,जस्ट डायल,रिलायंस निपोन तथा एयरटेल कंपनी के लिये चयन किया गया है।

# सीढ़ियों से गिरने से 22 वर्षीय मजदूर की मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। सीढ़ियों से गिरने से मजदूर की मौत हो गई। साइड पर काम करने के दौरान हादसा हुआ। उसने कोई सुरक्षा उपकरण नहीं पहना था। मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

कनाडिया थाना पुलिस ने शैलेंद्र उम्र 22 साल की मौत के मामले में ठेकेदार विजय के खिलाफ धारा 304ए के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मृतक शैलेंद्र अपने साथी गणेश के साथ ठेकेदार विजय की टाइल्स लगाने की साइड ऑस्कर सिटी कॉलोनी बायपास रोड पर काम कर रहा था।

मृतक को कोई सुरक्षा के उपकरण सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट नहीं दिए गए और ना ही सीढ़ियों पर रेलिंग लगाई। अन्य कोई उपकरण भी नहीं दिए गए। मृतक शैलेंद्र ग्राउंड फ्लोर से केमिकल की थैली सिर पर रखकर सीढ़ियों से जा रहा था। सीढ़ियां चढ़ते समय पैर फिसलने से वो नीचे गिर गया। जिससे उसे सिर और हाथ-पैर में चोट लगी। घटना में शैलेंद्र की मौत हो गई। मामले में ठेकेदार की लापरवाही मान उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# बेटी को किए अश्लील इशारे, आरोप को पिता ने दौड़कर पकड़ा, भीड़ ने पुलिस के सुपुर्द किया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** भंवरकुआ में 12वीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने पिता के सामने ही छात्रा को अश्लील इशारे किए। छात्रा के पिता ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया। लोगों की मदद से उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने शुभम पुत्र कमल शर्मा निवासी दुर्गा नगर पर केस दर्ज किया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह 12वीं की पढ़ाई के साथ जॉब भी करती है। गुरुवार रात 10 बजे वह सिटी बस में बैठकर होल्कर कॉलेज के नजदीक बस स्टॉप पर आई। यहीं पर पिता उसे लेने आते हैं। वह सिटी बस से उतरी तो वहां पहले से खड़ा बदमाश छात्रा को अश्लील इशारे करने लगा। ऐसा करते हुए छात्रा के पिता ने देख लिया और दौड़ लगाकर उसे पकड़ लिया। इस दौरान वहां काफी भीड़ जमा हो गई। सभी ने मिलकर बदमाश को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।

# गाना बजाने की बात को लेकर होस्टल में विवाद

## मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज किया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। गाना बजाने की बात को लेकर होस्टल में दो पक्षों में विवाद हो गया। शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

भंवरकुआं थाना पुलिस ने शिकायत पर आरोपी कपिल, रौनक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना शिवाय होस्टल संत नगर की है। पुलिस के अनुसार फरियादी अभिषेक पाटीदार ने बताया कि गाना बजाने की बात पर से उसे और हिमांशु (22 साल) को कपिल और रौनक गालियां देने लगे। मना कर पर कपिल और रौनक ने मारपीट की। हिमांशु को चेहरे पर चोट आई और उसे हाथ के अंगूठे और सिर में चोट लगी। घटना में कमल ने बीच बचाव किया।दोनों आरोपी जाते-जाते बोल रहे थे कि आज तो बच गया। फिर कभी हमसे उलझे तो तुम दोनों को जान से खत्म कर देंगे।

# पति ने मंदिर में पीटा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। एक महिला के साथ उसके पति ने मंदिर में ही बुरी तरह मारपीट कर दी। दरअसल वह पति को बिना बताए महिला दर्शन करने के लिए घर से मंदिर के लिए निकली थी, इस बात पर पति नाराज था।**

हीरानगर पुलिस ने बताया कि प्रियंका पति सचिन सोनी निवासी सुखलिया की शिकायत पर उसके पति सचिन के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। उसने पुलिस को बताया कि हनुमान मंदिर जो थाने के पीछे ही है वहीं पर उसके साथ पति ने मारपीट की। प्रियंका मंदिर में दर्शन के लिए आई थी तभी उसका पति सचिन वहां आ गया और आरोप लगाया कि उसे बिना बताए यहां क्यों आई और उसने पत्नी को गालियां देना शुरू कर दिया। प्रियंका ने विरोध किया तो आरोपी सचिन ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, उसने शोर मचा तो लोग जमा हो गए इसके बाद आरोपी धमकाते हुए भाग निकला।

### यहां भी शराबी पति ने की मारपीट

उधर, राऊ इलाके में महिला के साथ शराबी पति ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि पीडिता विजेता पति शंकर पाटीदार निवासी कृष्णा पेराडाइज की रिपोर्ट पर इसके पति शंकर पाटीदार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। महिला ने बताया कि आरोपी पति शंकर शराब पीने का आदी है और आए दिन मारपीट कर जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

# तेल को बार बार गरम करके उसका उपयोग हार्ट के लिए नुकसानदायक

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** भारतीयों में अचानक हार्ट अटैक का बढ़ता खतरा विशेष रूप से कम उम्र के व्यक्तियों के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन गया है। हार्ट अटैक, स्ट्रोक, और हार्ट फेल्यॉर जैसी कार्डियोवैस्कुलर बीमारियाँ पूरे विश्व में मृत्यु के प्रमुख कारणों में गिनी जाती हैं। हर साल करीब 205 लाख लोगों की मृत्यु इन बीमारियों के कारण होती है, जिनमें से 80% मौतों को समय रहते रोका जा सकता है। यह महत्वपूर्ण जानकारी इंदौर के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश जैन, सीनियर कंसलटेंट, इंटरनेशनल कार्डियोलॉजिस्ट, महावीर क्लीनिक एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, गीता भवन चौराहा ने विश्व हृदय दिवस के अवसर पर साझा की। साथ ही, उन्होंने बताया कि भारत में कोलेस्ट्रॉल की असमानताएँ भी तेजी से बढ़ रही हैं, जो छोटे बच्चों को भी प्रभावित कर रही हैं। पारंपरिक कारणों के अलावा, वायु प्रदूषण, मोटापा, और तेल को बार-बार गरम करके खाना बनाना भी दिल की बीमारियों के नए और गंभीर कारक बनते जा रहे हैं। डॉ. राकेश जैन ने विशेष रूप से आगाह किया कि रसोई में तेल को बार-बार गरम करके उसका उपयोग करना हृदय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस आदत से बचें और स्वास्थ्यवर्धक तेलों का इस्तेमाल करें ताकि दिल के रोगों के खतरे को कम किया जा सके।

# एनसीबीईई यूनियन द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में देशव्यापी हड़ताल

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** शुक्रवार को एनसीबीई यूनियन ने देशव्यापी हड़ताल का आयोजन किया, जिसमें समस्त एनसीबीई के साथी शामिल हुए। इस हड़ताल के मुख्य मुद्दे थे - आइबीपीएस के माध्यम से क्लर्क की पर्याप्त भर्ती,- क्लेरिकल भर्ती में अपरेंटिस सिस्टम न होने देना,- अनियमित कर्मचारियों के अवशोषण के माध्यम से सब-स्टाफ की भर्ती, वैकल्पिक और अनुरोध की स्थिति में स्थानांतरण आदेश का निपटान., कंपैशनेट ग्राउंड पर सभी आवेदनों का पारदर्शी निपटान, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 और बोनस अधिनियम 1965, से बोनस का भुगतान, मानव संसाधन प्रशासन में बैंक के नियमों और नीतियों का उल्लंघन न करना, केंद्रीय कार्यालय में संयुक्त फोरम के साथ 23.06.2023 की चर्चा के दौरान सहमत मुद्दों का कार्यान्वयन। एनसीबीई यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजीव तिवारी ने कहा, एनसीबीई यूनियन हमेशा सभी कर्मचारियों के हित के लिए खड़ी रहती है। हमारा बैंक और कर्मचारियों के सभी मुद्दों को मजबूती से रखता है। इस हड़ताल में सम्मिलित सभी साथियों का मैं यूनियन की ओर से धन्यवाद करना चाहूंगा और आगे भी हमारी एकता इसी तरह बनी रहे, इसकी कामना करता हूं। हम बैंक में अच्छे माहौल में काम कर सकें, जिससे हमारा बैंक और भारत देश दोनों आगे बढ़ सकें। यह हड़ताल देशव्यापी रूप से बहुत ही सफल रही और सभी प्रदेश में धरना प्रदर्शन हुए।

# डिपार्टमेंटल पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटियों में मध्यप्रदेश के 29 सांसद शामिल

## दिग्विजय को एक समिति की चेयरमैनशिप, सुमित्रा दो समितियों की मेंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** केंद्र की मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में साल 2024-25 के लिए 24 डिपार्टमेंटल पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी का गठन किया है। इन कमेटियों में दिग्विजय सिंह, वीडी शर्मा, विवेक तन्खा, फग्गन सिंह कुलस्ते सहित एमपी के 29 सांसदों को जगह मिली है। खास बात यह है कि मप्र से डिपार्टमेंटल पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटियों में शामिल किए गए 29 सांसदों में सिर्फ दिग्विजय सिंह को ही एक कमेटी में अध्यक्ष बनाया है। बीजेपी की राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक दो समितियों में सदस्य बनाई गई हैं।



वीडी शर्मा | दिग्विजय सिंह

### दिग्विजय शिक्षा, महिला, बच्चे, युवा और खेल संबंधी कमेटी के अध्यक्ष

संसदीय समितियों में राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह एकमात्र ऐसे सांसद हैं जिन्हें एक कमेटी में अध्यक्ष बनाया गया है। राज्यसभा सांसद और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को शिक्षा, महिला, बच्चे, युवा और खेल संबंधी कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। इस कमेटी में कुल 31 लोग हैं, जिसमें राज्य सभा से 10 और लोकसभा से 21 लोगों को जगह मिली है। इस समिति में होशंगाबाद लोकसभा सीट से सांसद दर्शन सिंह चौधरी बतौर सदस्य शामिल हैं।

### स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कमेटी में अशोक, राजेश

अशोक सिंह- कांग्रेस के राज्य सभा सांसद अशोक सिंह को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कमेटी में जगह मिली है। इस कमेटी में राज्य सभा से कुल 31 लोग हैं, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 लोग लोकसभा से हैं। इस कमेटी के अध्यक्ष प्रो. राम गोपाल यादव को बनाया है। सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा इस समिति में एमपी से सदस्य हैं।

### कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी समिति में 4 सांसद

कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी समिति में एमपी के चार सांसदों को जगह मिली है। मप्र से इस समिति में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और पूर्व केंद्रीय मंत्री और मंडला से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी को भी शामिल किया है। कमेटी में कुल 31 सांसद हैं, जिसमें 10 राज्य सभा और 11 लोग को लोकसभा से शामिल किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष बृज लाल को बनाया है।

### गुर्जर, लोधी कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण समिति में

बीजेपी के राज्य सभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी को कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण समिति में जगह मिली है। कमेटी में कुल 31 लोगों को शामिल किया है, जिसमें 10 लोग राज्यसभा और 11 लोग लोकसभा से शामिल किया है। कमेटी के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी को बनाया है।

बंटी, भारत उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति में ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह और छिंदवाड़ा सांसद विवेक साहू 'बंटी' को उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य बनाया गया है। कमेटी में कुल 31 सदस्य हैं, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 लोग लोकसभा से शामिल किया है। कमेटी के अध्यक्ष कनिमोझी करुणानिधि को बनाया है।

### इंदौर, भोपाल के सांसद आवास और शहरी मामलों की समिति में

राज्य सभा सांसद और बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया को आवास और शहरी मामलों की समिति में शामिल किया गया है। कमेटी में 10 लोग राज्यसभा और 11 लोग लोकसभा से हैं।

समिति के अध्यक्ष मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी को बनाया है। कमेटी में राज्य सभा की दो सीट खाली है। इंदौर सांसद शंकर लालवानी और भोपाल सांसद आलोक शर्मा को भी आवास और शहरी मामलों की समिति में शामिल किया है।

### जबलपुर सांसद होम अफेयर कमेटी में

आशीष दुबे- जबलपुर लोकसभा सीट से सांसद अशीष दुबे को गृह मामलों की समिति में जगह मिली है। कमेटी में कुल 31 लोग हैं, जिसमें राज्य सभा से 10 और लोकसभा से 11 लोगों को शामिल किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को बनाया है।

### गुप्ता उद्योग संबंधी समिति में

सुधीर गुप्ता- मंदसौर लोकसभा सीट से सांसद हैं। इन्हें उद्योग संबंधी समिति का सदस्य बनाया है। कमेटी में कुल 31 लोग हैं, जिसमें लोकसभा से 10 और राज्यसभा से 11 लोगों को शामिल किया गया है। तिरुचि शिवा को कमेटी का अध्यक्ष बनाया है।

### रीवा सतना सांसद एक समिति में

रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा और सतना सांसद गणेश सिंह को ग्रामीण विकास और पंचायती राज समिति का सदस्य बनाया गया है। कमेटी में कुल 31 लोगों को शामिल किया है, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 लोग लोक सभा से हैं। कमेटी के अध्यक्ष सप्तगिरी शंकर उल्का बनाए गए हैं।

### सुमित्रा बाल्मीक दो समितियों में सदस्य बनीं

सुमित्रा वाल्मीक- बीजेपी की राज्य सभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक को सामाजिक न्याय और अधिकारिता समिति का सदस्य बनाया गया है। कमेटी में कुल 31 लोगों को जगह मिली है, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 सांसद लोकसभा से हैं। कमेटी के अध्यक्ष पी. सी. मोहन को बनाया गया है। खरगोन सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल और सागर सांसद लता वानखेडे को भी सामाजिक न्याय और अधिकारिता समिति का सदस्य बनाया गया है।

सुमित्रा वाल्मीक को उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति का सदस्य बनाया गया है। कमेटी में कुल 31 सदस्य हैं, जिसमें 10 राज्य सभा से और 11 लोकसभा से हैं। कमेटी के अध्यक्ष कनिमोझी करुणानिधि को बनाया गया है। इस कमेटी में राज्य सभा की 4 सीटें अभी भी खाली है।

### इन सांसदों को भी जगह मिली

विष्णुदत्त शर्मा- खजुराहो से लोकसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इन्हें संचार और सूचना प्रौद्योगिकी समिति में जगह मिली है। कमेटी में कुल 31 लोगों को शामिल किया गया है, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से 11 लोग लोकसभा से हैं। कमेटी के अध्यक्ष निशिकांत दुबे को बनाया है।

रोडमल नागर- राजगढ़ से लोकसभा सांसद रोडमल नागर को जल संसाधन समिति का सदस्य बनाया गया है। कमेटी में कुल 31 लोगों को शामिल किया गया है, जिसमें 10 सांसद राज्यसभा से और 11 सांसद लोकसभा से हैं। कमेटी के अध्यक्ष राजीव प्रताप रूडी बनाए गए हैं।

हिमाद्री सिंह- शहडोल लोकसभा सीट से सांसद हैं। इन्हें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी समिति में जगह मिली है। कमेटी में कुल 31 लोग शामिल हैं, जिसमें राज्य सभा से 10 और लोकसभा से 11 लोग शामिल हैं। इस कमेटी के अध्यक्ष भुवनेश्वर कलिता हैं।

डॉ सुमेर सिंह सोलंकी (राज्य सभा) को रेलवे संबंधी समिति का सदस्य बनाया गया है। कमेटी में कुल 31 लोग हैं, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 लोग लोकसभा से शामिल किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष सी.एम.रमेश को बनाया गया है।

अनिल फिरोजिया- उज्जैन सीट से लोकसभा सीट से सांसद हैं। इन्हें परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी समिति में जगह मिली है। कमेटी में कुल 31 लोग हैं, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 लोग लोकसभा से शामिल किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार झा को बनाया गया है।

शिवमंगल सिंह तोमर मुरैना सीट से लोकसभा सांसद हैं। इन्हें रसायन एवं उर्वरक समिति का सदस्य बनाया गया है। कमेटी में कुल लोगों को शामिल किया गया है, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 लोग लोकसभा से हैं। कमेटी के अध्यक्ष आजाद कीर्ति झा को बनाया गया है।

भारती पारधी- बालाघाट लोकसभा सीट से सांसद है। इन्हें कोयला, खान और इस्पात संबंधी कमेटी में जगह मिली है। कमेटी में कुल 31 लोग हैं, जिसमें 10 लोग राज्यसभा से और 11 लोग राज्यसभा से हैं। कमेटी का अध्यक्ष अनुराग सिंह ठाकुर को बनाया गया है।

## पहले साथ में बैठकर शराब पी और फिर नाली में हो गए गुत्थम-गुत्था...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में इंदौर गेट क्षेत्र का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दो युवक शराब की दुकान के बाहर विवाद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो देखने पर पता चलता है कि विवाद करने वाले दोनों युवक शराब के नशे में धुत हैं। यही कारण है की नाली में गिरने और कीचड़ में खराब होने के बावजूद भी वह दोनों आपस में लड़ाई करते दिखाई दे रहे हैं।**





इंदौर गेट क्षेत्र में पहले दो लोगों ने साथ बैठकर शराब पी, उसके बाद किसी बात को लेकर दोनों के बीच इतना विवाद हुआ कि दोनों आपस में झगड़ने लगे। विवाद किस बात को लेकर हुआ यह तो किसी को पता नहीं, लेकिन विवाद कुछ ऐसा हुआ कि नशे में धुत दोनों युवक एक दूसरे को गालियां देते हुए शराब की दुकान के पास बनी नाली में गिर गए। नाली में गिरने के बावजूद भी यह लोग नहीं माने और पहले नाली में कीचड के बीच एक दूसरे के साथ हाथापाई करते दिखाई दिए। बाद में नाली से निकलकर बीच सड़क पर भी इनके बीच विवाद होता रहा। इस विवाद का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। यह क्षेत्र देवासगेट थाना अंतर्गत आता है, जिसको लेकर थाने पर इस मामले को लेकर जानकारी जुटा गई तो पता चला कि विवाद करने वाले दोनों ही लोगों ने थाने पर कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है, इसलिए अभी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## खेत में मिले 5 शावक, बिल्ली समझकर घर लाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** सीहोर जिले के इछावर तहसील क्षेत्र में एक खेत में 5 शावक मिले हैं। ग्रामीण इन्हें बिल्ली के बच्चे मान रहे थे। कुछ लोगों ने इनके साथ फोटो भी खिंचवाए। शावकों के व्यवहार और बनावट में अंतर देखकर गांववालों ने फौरन वन विभाग को सूचना दी। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में 15 दिन पहले तेंदुए के फुट प्रिंट मिले थे। मौके पर पहुंचे डिप्टी रेंजर चंदर सिंह भिलाला का कहना है कि वीडियो देखने के बाद विभाग के अफसर और वन्य प्राणी संरक्षण एक्सपर्ट ने बताया कि यह जंगली बिल्ली के बच्चे हैं। रेंजर राजकुमार शिवहरे ने बताया कि ग्रामीणों को कन्फ्यूजन हुआ होगा। यह जंगली बिल्ली ही है। हालांकि कि यह लुप्त प्राणी है। हमने बच्चों को खेत में ही छोड़ दिया था, कुछ समय बाद उनकी मां सभी बच्चों को साथ ले गई। खेरी से 2 किलोमीटर दूर किसान दिनेश वर्मा के खेत पर शावक मिले थे। ग्रामीण इन्हें तेंदुए के बच्चे मान रहे थे। इन्हें देखने के लिए ग्रामीण खेत पर इकट्ठा हो रहे थे। शुक्रवार सुबह 9 बजे सूचना देने के बाद दोपहर तक वन विभाग का कोई बड़ा अफसर मौके पर नहीं पहुंचा। वीडियो देखकर वन विभाग के नाकेदार विकास सिंह ने इन्हें सियार का बच्चा बताया था। हालांकि उसका कहना था कि मौके पर पहुंचकर ही सही पहचान हो सकती है।

## संपादकीय

# हिमाचल में सड़क किनारे कारोबार पर रार

कुछ राजनेता सार्वजनिक बयान देते वक्त शायद ध्यान नहीं रख पाते कि किसी मसले पर उनकी सरकार और पार्टी का क्या रुख है। इसलिए अक्सर वे विवाद के घेरे में आ जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के लोक कल्याण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का सड़क किनारे कारोबार करने वालों के लिए पहचान प्रदर्शित करने की अनिवार्यता संबंधी बयान भी कुछ ऐसा ही था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि हिमाचल में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सड़क पर कारोबार करने वालों के लिए दुकान के सामने अपना नाम और पहचान लिखना अनिवार्य किया जाएगा। इस बयान पर हिमाचल प्रदेश सरकार सतर्क हुई और उसने अपने मंत्री के बयान का खंडन करते हुए कहा कि सरकार ने ऐसा कोई फैसला नहीं किया है। इस बयान पर विक्रमादित्य सिंह को केंद्रीय नेताओं की नसीहत भी सुननी पड़ी। हालांकि उन्होंने अपने बयान के बारे में सफाई दे दी है, मगर इससे कांग्रेस को असहज होना पड़ा है। कांवड़ यात्रा के समय जब उत्तर प्रदेश सरकार ने आदेश जारी किया था कि यात्रा मार्ग के सभी दुकानदारों को दुकान के सामने अपना नाम लिखना होगा, तब कांग्रेस ने उसका पुरजोर विरोध किया था। आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को वह आदेश वापस लेना पड़ा था। विक्रमादित्य सिंह ने उस प्रकरण से कोई सबक लेना शायद जरूरी नहीं समझा। इसके अलावा उन्होंने वक्त की नजाकत भी नहीं समझी। उनका बयान ऐसे समय में आया, जब हिमाचल प्रदेश के शिमला और मंडी समेत कई जगहों पर मस्जिदों के लिए कथित रूप से अवैध रूप से जमीन कब्जा करने का मुद्दा गरमाया हुआ है। इसी संदर्भ में मांग उठी थी कि बाहर से आने वाले मजदूरों और सड़क किनारे कारोबार करने वालों का पंजीकरण होना चाहिए। इसे लेकर राज्य सरकार ने एक समिति भी गठित की है, जिसके सदस्य विक्रमादित्य सिंह भी हैं। निश्चय ही उनका उत्तर प्रदेश जैसा नियम लागू करने का विचार रहा होगा, जिसे उन्होंने सरकार और समिति के सामने रखने के बजाय सार्वजनिक मंच पर साझा कर दिया। यों भी एक परिपक्व नेता से अपेक्षा की जाती है कि जब तक वह किसी मसले पर अंतिम निर्णय न ले ले और सरकार उसे स्वीकार न कर ले, तब तक उस पर बयानबाजी से बचने का प्रयास करे। दरअसल, सड़क किनारे या बाजारों में दुकान चलाने वालों के पंजीकरण, पहचान प्रदर्शित करने आदि को लेकर कुछ संवैधानिक प्रावधान हैं। जीवन के अधिकार के तहत किसी भी व्यक्ति को देश के किसी भी हिस्से में अपने भरण-पोषण के लिए रोजगार करने का अधिकार है। इसके लिए पहचान प्रदर्शित करने की अनिवार्यता नहीं है। इसलिए यह एक कानूनी मसला भी है। मगर कुछ राज्य सरकारें सुरक्षा कारणों से या फिर खानपान में स्वच्छता आदि के मद्देनजर कुछ प्रावधान करने पर विचार कर रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कावड़ियों के खानपान में शुद्धता रखने का ही तर्क दिया था। यह ठीक है कि कई मामलों में प्रवासियों को अपनी पहचान जाहिर करनी पड़ती है, जैसे वाहन चालकों को, पर ऐसे प्रावधान से अगर किसी के धार्मिक पहचान के आधार पर सामाजिक अलगाव झेलने पर मजबूर होने की आशंका हो, सावधानी से निर्णय की जरूरत होती है। अभी हिमाचल प्रदेश में जिस तरह का वातावरण है, उसमें ऐसे किसी भी आदेश से सड़क किनारे कारोबार करने वालों के सामने कठिनाइयां पैदा हो सकती हैं।

# बंदर और लकड़ी का खूंटा



एक समय की बात है, जब शहर से थोड़ी दूर में एक मंदिर बनाया जा रहा था। उस मंदिर के निर्माण में लकड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा था। लकड़ियों के काम के लिए शहर से कुछ मजदूर आए हुए थे। एक दिन मजदूर लकड़ी चीर रहे थे। सारे मजदूर रोज दोपहर का खाना खाने के लिए शहर जाया करते थे। उस दौरान एक घंटे तक वहां कोई भी नहीं रहता था। एक दिन दोपहर के खाने का समय हुआ, तो सभी जाने लगे। एक मजदूर ने लकड़ी आधी ही चीर थी। इसलिए, वह बीच में लकड़ी का खूंटा फंसा देता है, ताकि दोबारा चीरने के लिए आरी फंसाने में आसानी हो।

उनके जाने के कुछ समय बाद बंदरों का एक समूह वहां आ जाता है। उस समूह में एक शरारती बंदर था, जो वहां पड़ी चीजों को उल्टा-पुल्टा करने लगा। बंदरों के सरदार ने सभी को वहां रखी चीजों को छेड़ने से मना किया। कुछ समय बाद सारे बंदर पेड़ों की तरफ वापस जाने लगे, तो वह शरारती बंदर सबसे बचकर पीछे रह जाता है और उधम मचाने लगता है। शरारत करते-करते उसकी नजर उस अधचिरे लकड़ी पर पड़ती है, जिस पर मजदूर ने लकड़ी का खूंटा लगाया था। खूंटे को देखकर बंदर सोचने लगा कि उस लकड़ी को वहां पर क्यों लगाया है, उसे निकालने पर क्या होगा। फिर वह उस खूंटे को बाहर निकालने के लिए खींचने लगता है।

बंदर के अधिक जोर लगाने पर वह खूंटा हिलने और खिसकने लगता है, जिसे देखकर बंदर खुश होता है और जोर लगाकर उस खूंटे को सरकाने लगता है। वह खूंटे को निकालने में इतना मगन हो जाता है कि उसे पता ही नहीं चलता कि कब उसकी पूंछ दोनों पाटों के बीच में आ गई। बंदर पूरी ताकत के साथ खूंटे को खींचकर बाहर निकाल देता है। खूंटा निकलते ही लकड़ी के दोनों भाग चिपक जाते हैं और उसकी पूंछ बीच में फंस जाती है। पूंछ के फंसने पर बंदर दर्द के मारे चिल्लाने लगता है और तभी मजदूर भी वहां पहुंच जाते हैं। उन्हें देखकर बंदर भागने के लिए जोर लगाता है, तो पूंछ टूट जाती है। वह चीखते हुए टूटी पूछ लेकर भागता हुआ अपने झुंड के पास पहुंच जाता है। वहां पहुंचते ही सभी बंदर उसकी टूटी हुई पूंछ देखकर हंसने लगते हैं।

### कहानी से सीख :

इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें न तो दूसरों की चीजों के साथ छेड़छाड़ करनी चाहिए और न ही उनके काम में दखलंदाजी करनी चाहिए। ऐसा करने से हमें ही नुकसान होता है।

## रंग भरो



# Please avoid using all these companies medicine...

## सतर्क रहें सजग रहे अभियान

The Central Drugs Standard Control Organisation (CDSCO) has identified over 50 drugs which have failed in the drug test. In its latest report, the controller said 50 drugs including Paracetamol are "not of standard quality" (NSQ). The report has also flagged calcium and vitamin D3 supplements, anti-diabetes pills, and high blood pressure medicines.

**NOT OF STANDARD QUALITY ALERT FOR THE MONTH OF AUGUST – 2024.**

**A. CDSCO/Central Laboratories**

| S.No | Product/Drug Name | Batch No. | Manufacturing Date | Expiry Date | Manufactured By | NSQ Result | Reported by CDSCO Laboratory |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Amoxicillin And Potassium Clavulanate Tablets IP (Clavam 625) | 23443940 | 11/2023 | 04/2025 | M/s. Alkem Health Science, Unit-2, Samardung, Karek Block, P.O. Namthang, South Sikkim 737 137. | Spurious Identification & Assay of Amoxycillin Trihydrate & Potassium Clavulanate | CDL, Kolkata |
| 2. | Amoxycillin & Potassium Clavulanate Tablets (Mexclav 625) | 7372 | 10/2023 | 09/2025 | M/s. Meg Lifesciences, Khasara No. 47/5, Palli Gaon, Distt-Sirmour-173001. | Spurious Identification & Assay of Amoxycillin Trihydrate & Potassium Clavulanate | CDL, Kolkata |
| 3. | Calcium And Vitamin D3 Tablets IP Shelcal 500 (Shelcal) | GDXD0581 | 08/2023 | 07/2025 | M/s. Pure & Cure Healthcare Pvt. Ltd., Plot No. 26A, 27-30, Sector-8A, IIE, SIDCUL, Ranipur, Haridwar - 249 403, Uttarakhand. | Description, Identification of Vitamin D3, Dissolution of Calcium and Assay of Calcium & Vitamin D3 | CDL, Kolkata |
| 4. | Metformin Hydrochloride Sustained-release Tablets IP (Glycimet-SR-500) | GT3J023 | 10/2023 | 09/2025 | M/s. Scott-Edil Pharmacia Ltd., 56, EPIP, Phase-1, Jharmajri, Baddi, Distt. Solan -173205 (HP), India | Dissolution of Metformin Hydrochloride | CDL, Kolkata |
| 5. | Vitamin B Complex with Vitamin C Softgels | 1423 | 09/2023 | 08/2025 | M/s. Asoj Soft Caps Pvt. Ltd., Asoj, Baroda-Halol Highway, Dist-Baroda-391510, GUJRAT | Assay of Calcium Pantothenate | CDL, Kolkata |
| 6. | Rifmin 550 (Rifaximin Tablets 550 mg) | TX-17798 | 02/2024 | 01/2026 | M/s. Legen Healthcare, Plot No. 20, Sector-5, Parwanoo, Distt. Solan (H.P.) 173220 | Dissolution & Water | CDL, Kolkata |
| 7. | Pantoprazole Gastro-Resistant and Domperidone Prolonged-Release Capsules IP (Pan - D) | 23444296 | 12/2023 | 11/2025 | M/s. Alkem Health Science, Unit-2, Samardung, Karek Block, P.O. Namthang, Dist. Namchi, Sikkim 737 137. | Spurious Identification, Assay, Dissolution & Related Substancces | CDL, Kolkata |
| 8. | Paracetamol Tablets IP 500 mg | 2508323 | 02/2023 | 01/2026 | M/s. Karnataka Antibiotics and Pharmaceuticals Ltd., Plot No. 14, II Phase, Peenya, Bengaluru-560058 | Description | CDL, Kolkata |
| 9. | Montair LC Kid (Montelukast Sodium & Levocetirizne Hydrochloride Dispersible Tablets) | AFB23W73 | 09/2023 | 08/2025 | M/s. Pure & Cure Healthcare Pvt. Ltd., Plot No. 26A, 27-30, Sector-8A, IIE, Sidcul, Ranipur, Haridwar 249 403, Uttarkhand | Uniformity of Dispersion & Assay of Montelukast Sodium | CDL, Kolkata |
| 10. | Compound Sodium Lactate Injection I.P. (Ringer Lactate Solution for Injection) (RL 500 ml) | MP24050511 1 | 05/2024 | 04/2027 | M/s. Vision Parenteral Pvt. Ltd. Located at A-2, 44,45, Sector-15, GIDA, Sahjanwa (U.P.) 273 209 | Assay of Calcium Chloride | CDL, Kolkata |
| 11. | Fexofenadine Hydrochloride Tablets IP 120 mg | MP9AA2303 | 07/2023 | 06/2026 | M/s. Maxtar Bio-Genics, Khasra No-705, Vill-Malku Majra, Nalagarh Road, Baddi, Distt-Solan-173205(HP), India | Dissolution | CDL, Kolkata |
| 12. | Fexofenadine Hydrochloride Tablets IP 120 mg | MP9AA2303 (Two different samples received with same batch number) | 07/2023 | 06/2026 | M/s. Maxtar Bio-Genics, Khasra No-705, Vill-Malku Majra, Nalagarh Road, Baddi, Distt-Solan-173205(HP), India | Dissolution | CDL, Kolkata |
| 13. | Laxnorm Solution (Lactulose Solution USP) | LG24-0204 | 02/2024 | 01/2026 | M/s. Athens Life Sciences, Mauza Rampur Jattan, Nahan Road, Kala Amb, Dist-Sirmour, HP-173030 | Assay | CDL, Kolkata |
| 14. | Heparin Sodium Injection 5000 Units (Hostranil Injection) | HIHE23028A | 10/2023 | 09/2025 | M/s. Health Biotech Ltd., Village: Sandoli, Nalagarh Road, Baddi, Distt. Solan (H.P.), India-173205 | Particulate Matter, Bacterial Endotoxins & Sterility | CDL, Kolkata |
| 15. | Buflam Forte Suspension (Ibuprofen & Paracetamol Oral Suspension) | 231202A | 12/2023 | 11/2025 | M/s. Ornate Pharma Pvt. Ltd., 2, G.V.M.S.A.V Ltd., Odhav, Ahmedabad 382 410, Gujrat, India | Uniformity of Volume | CDL, Kolkata |
| 16. | Cepodem XP 50 Dry Suspension (Cefpodoxime Proxetil and Potassium Clavulanate Oral Suspension) | PEA0083 | 07/2023 | 12/2024 | M/s. Hetero Labs Limited (Unit-I), Village: Kalyanpur, Chakkan Road, Tehsil: Baddi, Dist: Solan, Himachal Pradesh - 173205. | pH and Assay of Potassium Clavulanate | CDL, Kolkata |
| 17. | Nimesulide, Paracetamol and Chlorzoxazone Tablets (NICIP MR) | GS22236 | 09/2022 | 08/2025 | M/s. HSN International Plot No. 54-55, Sector-6A, SIDCUL, Haridwar, (Uttarakhand) 249403 | Disintegration | CDL, Kolkata |
| 18. | Rolled Gauze (Non-Sterilized) | RG-006 | 01/2023 | 12/2024 | M/s. Blazon India, At: Musallahpur, Baripath, Patna-6 | Width, Absorbency, Scouring Loss, Freedom from Optical Whitener, Mass, Length | CDL, Kolkata |
| 19. | Ciprofloxacin Tablets I.P. 500 mg (Ocif-500) | OCF5-23-221 | 05/2023 | 04/2025 | M/s. Ornate Labs Pvt. Ltd., Bela Industrial Estate, Muzaffarpur - 842 005 | Dissolution & Assay | CDL, Kolkata |
| 20. | Nimesulide, Phenylephrine | T-23115 | 01/2023 | 12/2024 | M/s. Unispeed Pharmaceuticals Pvt. Ltd., | Description | CDL, Kolkata |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Hydrochloride & Levocetirizine Dihydrochloride Tablets (Nunim-Cold) | | | | 445/2, Behimd Wrigleys Vill. Katha, Baddi, Distt. Solan (H.P.) 173205 | | |
| 21. | Adrenaline Injection I.P. Sterile 1 ml | AI22268 | 09/2022 | 08/2024 | M/s. Alves Healthcare Pvt. Ltd., Nangal Uperla, Swarghat Road, Nalagarh, Distt. Solan-174101 (HP). | Description, Appearance of Solution, Particulate Matter & Assay | CDL, Kolkata |
| 22. | Compound Sodium Lactate Injection I.P. (Ringer Lactate Solution for Injection) RL 500ml | MP24040508 5 | 04/2024 | 03/2027 | M/s. Vision Parentral Pvt. Ltd., A-2-44-45, Sector 15, GIDA Industrial Area, Gorakhpur 273209 (U.P.), India. | Sterility | CDL, Kolkata |
| 23. | Vingel XL Pro Gel (Diclofenac Diethylamine, Linseed Oil, Methyl Salicylate and Menthol Gel) | F23208 | 06/2023 | 05/2025 | M/s. Universal Twin Labs, Village Gullarwala, Near Sai Road, Baddi, District Solan, H.P. | Assay of Diclofenac Diethylamine & Methyl Salicylate | CDL, Kolkata |
| 24. | Atropine Sulphate Injection IP 2 ml | ATA12407 | 03/2024 | 02/2026 | M/s. Nandani Medical Laboratories Pvt. Ltd., 221/5, Bicholi Hapsi, Kanadia Road, Indore. | Description & Particulate Matter | CDL, Kolkata |
| 25. | Cefoperazone & Sulbactam For Injection (Todaycef 1.5 G) | D0481 | 11/2023 | 10/2025 | M/s. Daxin Pharmaceuticals Pvt. Ltd., Plot No. 121-122 EPIP, Jharmajri Phase-1, Teh. Baddi, Distt. Solan (H.P.) 174 103. | Clarity of Solution, Particulate matter and Assay | CDL, Kolkata |
| 26. | Heparin Sodium Injection IP 25000 IU / 5ml | GV3C002 | 03/2023 | 02/2026 | M/s. Scott-Edil Pharmacia Ltd., 56, E.P.I.P. Phase-1, Jharmajri, Baddi, Distt. Solan - 173 205 (H.P.), India | Description & Particulate Matter | CDL, Kolkata |
| 27. | Cefepime & Tazobactam for Injection (Crupime - TZ Kid Injection) | I230041A | 04/2023 | 03/2025 | M/s. Cosmas Research Lab. Ltd., Village: Gaunspura, P.O. Noorpur Bet, Hambran, Ludhiana 141 008 | Particulate Matter | CDL, Kolkata |
| 28. | Atropine Sulphate Injection I.P. (Atropine Sulphate) | AS-9055 (Two different samples received with same batch number) | 10/2022 | 09/2024 | M/s. Priya Pharmaceuticals 109/397, Nehru Nagar, Kanpur-208012, Uttar Pradesh | Description, pH, Particulate Matter, Extractable Volume | CDL, Kolkata |
| 29. | Atropine Sulphate Injection I.P. (Atropine Sulphate) | AS-9055 (Two different samples received with same batch number) | 10/2022 | 09/2024 | M/s. Priya Pharmaceuticals 109/397, Nehru Nagar, Kanpur-208012, Uttar Pradesh | Description, pH, Particulate Matter, Extractable Volume | CDL, Kolkata |
| 30. | Atropine Sulphate Injection I.P. (Atropine Sulphate) | AS-9057 (Two different samples received with same batch number) | 04/2023 | 03/2025 | M/s. Priya Pharmaceuticals 109/397, Nehru Nagar, Kanpur-208012, Uttar Pradesh | Description, Particulate Matter, Extractable Volume, Assay | CDL, Kolkata |
| 31. | Atropine Sulphate Injection I.P. (Atropine Sulphate) | AS-9057 (Two different samples received with same batch number) | 04/2023 | 03/2025 | M/s. Priya Pharmaceuticals 109/397, Nehru Nagar, Kanpur-208012, Uttar Pradesh | Description, Particulate Matter, Extractable Volume, Assay | CDL, Kolkata |
| 32. | Salbutamol, Bromhexine HCl, Guaifenesin and Menthol Syrup(Acozil Expectorant) | A-244003 | 04/2024 | 03/2027 | M/s. Antila Lifesciences Pvt Ltd, Plot No. P-2, Savli Bio-Tech Park, At-Manjusar, Tal-Savli, Dist- Vadodara-391775, Gujarat, | Not of Standard Quality | CDTL-Mumbai |
| 33. | Diclofenac Sodium IP | DFS-2405031 | 05/2024 | 04/2029 | M/s. Sara Exports Ltd. Plot No. 35, 35/1 & 36, South Side of GT Road, Industrial Area, Ghaziabad-201009 Uttar Pradesh, | Not of Standard Quality | CDTL-Mumbai |
| 34. | Escitalopram and Clonazepam Tablets IP (Klozaps-ES Tablets) | NTD0203 | 12/2023 | 11/2025 | M/.s Digital Vision, 176, Mauza Ogli, Nahan Road, Kala-Amb, Distt. Sirmour (H.P.)-173030 | Assay of Escitalopram Oxalate calculated as Escitalopram and Clonazepam | RDTL, Chandigarh |
| 35. | Phenytoin Sodium Injection USP | HIPY23012C | 10/2023 | 09/2025 | M/.s Health Biotech Ltd., Village Sandoli, Nalagarh Road, Baddi, Distt. Solan (H.P.) India-173205 | Alcohol, Propylene Glycol and Particulate Matter | RDTL, Chandigarh |
| 36. | Paracetamol, Phenylephrine Hydrochloride and Cetirizine Hydrochloride Suspension (Cethel Cold DS Suspension) | WPS-013 | 04/2024 | 03/2026 | M/s. Win Cure Pharma, Plot No. 21, DIC, Baddi (H.P.) 173205 | Assay of Paracetamol, Phenylephrine Hydrochloride and Cetirizine Hydrochloride | RDTL, Chandigarh |
| 37. | Calcium 500 mg with Vitamin D3 250 IU Tablets IP | LMT231058 | 12/2023 | 11/2025 | M/s. Life Max Cancer Laboratories, Plot No. 106 & 106 A, Sector 6A, IIE, SIDCUL, Haridwar249403 (U.K) | Assay of Calcium and vitamin D3 and Dissolution of Calcium | RDTL, Guwahati |
| 38. | Amoxycillin and Potassium Clavulanate Tablets IP 625 mg (Renamega- CV 625) | MD19AA08 | 10/2023 | 09/2025 | M/s. Malik Lifesciences Pvt. Ltd. (A Subsidiary of Akums Drugs & Pharmaceuticals Ltd.) Plot No. Vardhman, Indl. Estate, N.H.58, Haridwar-247667 (Uttarakhand) | Assay and Uniformity of content of Clavulanic Acid and Dissolution of Amoxycillin and Clavulanic Acid | RDTL, Guwahati |
| 39. | Olmesartan Medoxomil Tablets IP 40 mg | LMT240387 | 03/2024 | 02/2026 | M/s. Life Max Cancer Laboratories, Plot No. 106 & 106 A, Sector 6A, IIE, SIDCUL, Haridwar249403 (U.K) | Dissolution of Olmesartan Medoxomil | RDTL, Guwahati |
| 40. | INFUSION SET-NV | KT-015 | 01/2024 | 12/2026 | M/s. MEDIVISION HEALTHCARE, 84/4 Span Industrial Complex. Second Floor, Phase-1, 'F' Road, Opp. Kotak Mahindra Bank, G.I. D.C. Vatva, Ahmedabad- 382445 | Sterility | RDTL, Guwahati |
| 41. | Telmisartan Tablets IP 40 mg | LMT240528 | 05/2024 | 04/2026 | M/s. Life Max Cancer Laboratories, Plot No. 106 & 106 A, Sector 6A, IIE, SIDCUL, Haridwar249403 (U.K) | Description | RDTL, Guwahati |
| 42. | Telmisartan Tablets IP 40 mg | LMT240502 | 04/2024 | 03/2026 | M/s. Life Max Cancer Laboratories, Plot No. 106 & 106 A, Sector 6A, IIE, SIDCUL, Haridwar249403 (U.K) | Description | RDTL, Guwahati |
| 43. | Telmisartan Tablets IP 40 mg | LMT240502 | 04/2024 | 03/2026 | M/s. Life Max Cancer Laboratories, Plot No. 106 & 106 A, Sector 6A, IIE, SIDCUL, Haridwar249403 (U.K) | Description | RDTL, Guwahati |
| 44. | Telmisartan Tablets IP 40 mg | 251TTF011 | 07/2023 | 06/2025 | M/s. Swiss Garnier Life Science, 21-23, Industrial Area, Mehatpur, Dist. Una, , Himachal Pradesh- 174315. Iindia | Dissolution | RDTL, Guwahati |
| 45. | Alprazolam Tablets IP 0.25 mg (Erazol-0.25 Tablets) | 16747 | 08/2023 | 07/2025 | M/s. ELIKEM Pharmaceuticals Private Limited, 816/1, Rakanpur, Ta. Kalol, Dist. Gandhinagar, Guj. 382721 | Dissolution | RDTL, Guwahati |
| 46. | GLIMEPIRIDE TABLETS IP (2 mg) | MT234799 | 11/2023 | 10/2025 | M/s, Mascot Health Series Pvt. Ltd., 79 & 80, Sec-6A, IIE Sidcul Haridwar-249403 | Description | RDTL, Guwahati |
| 47. | Calcium and Vitamin D3 Tablets I.P. | UDT11151 | 08/2023 | 01/2025 | M/s. Unicure India Ltd., C-21, 22 & 23, Sector-3, Noida-201 301 Distt. Gautam Budh Nagar (U.P.) | Assay of vitamin D3 | RDTL, Guwahati |
| 48. | Metronidazole Tablets IP 400mg | HMAA04 | 07/2023 | 06/2025 | M/s. HINDUSTAN ANTIBIOTICS LTD. (A Government of India Enterprises) at 11, W.E. A. Faridabad - 121001 (Haryana) R.O.:Pimpri, Pune-411018,INDIA | Dissolution | RDTL, Guwahati |

होटल व्यवसायी को चपत लगाने का मामला ...

# 4.85 करोड़ की ठगी में तीन आरोपी गिरफ्त में

◆ कमीशन लेकर बैंक खाते देना स्वीकारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। होटल व्यवसायी महेश थाहिरानी के साथ हुई चार करोड़ 85 लाख रुपये की धोखाधड़ी में अपराध शाखा ने तीन आरोपितों को रायपुर (छत्तीसगढ़) से पकड़ लिया है। आरोपितों ने आनलाइन ठगी करने के लिए कमीशन लेकर खाते देना कबूला है। गिरोह का मास्टर माइंड दुबई में है। पुलिस फिलहाल गुजरात और पंजाब के आरोपितों को ढूंढ रही है।**

एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक प्रकृति कालोनी (बिचौली हप्सी) निवासी महेश थाहिरानी ने धोखाधड़ी का रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने बैंक खातों की जांच की और गुरुवार को आरोपित आर्यन गुप्ता निवासी नागपुर (महाराष्ट्र), मोहम्मद फैज निवासी मोतीनगर रायपुर (छग) और मोहम्मद आमिर निवासी लैंडनगर नागपुर (महाराष्ट्र) को पकड़ लिया।

एडीसीपी के मुताबिक ठगी की रकम निर्मल को-आपरेटिव बैंक और बैंक आफ महाराष्ट्र के खाते में गई थी। इस आधार पर आरोपितों को पकड़ा गया है। आर्यन ने पूछताछ में बताया उसने परिचित मोहम्मद फैज के इशारे पर खाता खुलवाया था। फैज ने आरोपित आमिर का नाम कबूला। आरोपितों को खाते खुलवाने के एवज में रुपये मिले थे।

चार गुना का झांसा देकर फर्जी एप इंस्टाल करवाया होटल व्यवसायी महेश थाहिरानी को शुरुआत में वाट्सएप पर लिंक भेजी गई थी। इसके बाद आरोपितों ने शेयर मार्केट में निवेश और निवेश की राशि चार गुना करने का झांसा देकर एमएस स्टाक मैक्स के नाम से एप इंस्टाल करवा लिया। शातिर अपराधियों ने फर्जी तरीके से राशि दर्शाई और अलग-अलग किस्तों में चार करोड़ 85 लाख रुपये जमा करवा लिए। खाते में करीब 20 करोड़ जमा देखकर थाहिरानी ने रुपये निकालने की कोशिश की तो फर्जीवाड़े का पता चला।

# एसपी ने 2 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड, 3 को किया लाइन अटैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ महू में गुरूवार को कोदरिया क्षेत्र की अयोध्यापुरी में शाम दो पक्षों के विवाद के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज पाटीदार की महू कोतवाली पुलिस के जवानों से बहसबाजी हो गई थी। मामले में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई को लेकर भाजपा नेताओं ने पुलिस के आला अफसरों को अवगत कराया। इसके बाद एक एएसआई सहित पांच पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार कोदरिया में दो गुटों के बीच बीते कुछ दिनों से अतिक्रमण की बात पर विवाद चल रहा था। जिसकी सूचना पर गुरुवार शाम नायब तहसीलदार राधावल्लभ धाकड़ मौके पर पहुंचे। यहां विवाद बढ़ता देख धाकड़ ने कोतवाली टीआई संजय द्विवेदी को मामले से अवगत कराया। कुछ ही देर में कोतवाली पुलिस के एक एएसआई और पांच पुलिस जवान मौके पर पहुंचे।

यहां भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटीदार और पुलिसकर्मियों के बीच बहसबाजी शुरु हो गई। इस पर पुलिसकर्मी पाटीदार को पुलिस वाहन में बैठाकर कोतवाली ले आए। मामले की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा नेता कोतवाली थाने आ पहुंचे। घटनाक्रम की सूचना क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर को भी दी गई। देर रात विधायक ठाकुर भी कोदरिया पहुंची और पाटीदार से मामले की जानकारी ली और वरिष्ठ अधिकारियों को फोन कर कार्रवाई करने की मांग की।

पूरे मामले में ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया कि कोतवाली पुलिस के एएसआई जयदेव गोरखेड़े, आरक्षक सुखराम और आरक्षक विजय को लाइन अटैच किया गया है। वहीं आरक्षक योगेंद्र चौहान और कृष्णपाल मालवीय को सस्पेंड किया गया है अभी मामले की जांच भी चल रही है।

## रुपयों के लिए भाइयों में झगड़ा, मारपीट

**इंदौर**। एक युवक और उसकी पत्नी पर उसके सगे भाई ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। फरियादी भाई ने मां के बीमा के पैसे निकाल लिए थे और आरोपी भाई को नहीं दिए, इसी बात को लेकर वह नाराज था। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार महेश पल्ले निवासी फूटी कोठी द्वारकापुरी की शिकायत पर आरोपी गणेश पल्ले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। महेश ने पुलिस को बताया कि उसके भाई गणेश ने उसके और उसकी पत्नी अंजू के साथ मारपीट की। गणेश अपने भाई के पास आया और आते ही इस बात को लेकर गालियां देने लगा कि मां के बीमा के 1लाख 30 हजार रुपए तूने अकेले निकाल कर रख लिए उसमें से उसे मेरा हिस्सा नहीं दिया महेश ने कहा कि बैठकर मामले को लेकर बात करते हैं तो आरोपी गणेश नाराज हो गया और उसने गालियां देना शुरू कर दी और भाई पर हमला कर दिया महेश को बचाने उसकी पत्नी अंजू आई तो उसके साथ भी मारपीट की।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक